

# आग

## घर में सुरक्षा




आग
जान लेवा है
आप इससे
बच सकते हैं



**नहीं**

जलते चूल्हे से उठायें पल्लू द्वारा बर्तन
खतरनाक अन्जाम, मौत के आगे नर्तन



**सही**

इस्तेमाल में लावें संडासी या प्लास
काम में आसानी और सुरक्षित प्रयास




**नहीं**

माचिस की जतली हुई तीली फेंकी अगर
भयानक है खतरा, घर में आग लगने का डर




**सही**

फेंको तीली बुझा कर
या इस्तेमाल करो लाइटर



**नहीं**

जलते हुए स्टोव में अगर भरोगे तेल
खत्म हो सकता है आपकी जिन्दगी का खेल




**सही**


तेल भरने से पहले स्टोव को बुझाओ
रहेगी सुरक्षा जीवन में मौज उड़ाओ




**नहीं**
बिस्तर में रखकर धूम्रपान का चस्का
सेहत के साथ-साथ जीवन को भी खतरा




**सही**
बीड़ी सिगरेट पीने का अगर है रोग
तो जरूरी है करना ऐश-ट्रे का उपयोग




**नहीं**
हीटर को अगर रखा कपड़ों के निकट
तापने के साथ-साथ जलने का संकट



**सही**
हीटर और कपड़ों के बीच रखें सुरक्षित दूरी
जलने का खतरा नहीं गर्मी भी मिले पूरी



**नहीं**
प्लग की जगह अगर लगाओगे नंगे तार
लगेगा झटका, जीवन हो बेकार



**सही**
बिजली उपकरणों में करें सही प्लग का इस्तेमाल
उपकरण भी रहे सुरक्षित और जीवन भी खुशहाल




**नहीं**

बच्चों से अकेले पटाखे चलवाना
अगर हो गई दुर्घटना, पड़ेगा ता उम्र पछताना




**सही**

पटाखे चलाते वक्त बड़ों का हो साथ
हो सभी का मनोरंजन सुरक्षा अपने हाथ



**नहीं**

ज्वलनशील पदार्थ रहे आग के पास
होंगे असुरक्षित रहेगा खतरे का आभास



**सही**

ज्वलनशील पदार्थ रखें आग से दूर
नहीं कोई खतरा, लें मजा भरपूर




**नहीं**

कपड़ों के पास रखोगे पूजा का चिराग
अपने आप लगा लोगे अपने घर में आग




**सही**


दीये को सुरक्षित स्थान पर जलायें
संकट से बचें और प्रभु के गुण गायें



**नहीं**
फायर अलार्म सुनकर भी आलस
आफत को दे दी है दावत



**सही**
फायर अलार्म सुनकर चौकन्ने हो जायें
सुरक्षा हेतु तुरन्त कदम उठायें



**नहीं**
बिजली की आग पर पानी की धार
आग से बचें तो करन्ट की मार



**सही**
बिजली की आग का सर्वोत्तम उपचार
घर में ही रखा फायर इक्सटिंग्युशर तैयार



**नहीं**
बच्चों की पहुंच के अन्दर बिजली के सॉकेट
बच्चों को खतरा, दुर्घटना के लॉकेट



**सही**
बिजली के सॉकेट लगायें बच्चों से दूर
खुशहाल रहेगा बचपन दुर्घटना से दूर





**नहीं**

चालू प्रेस छोड़कर करें कुछ और काम
आग का खतरा कपड़ों का भी काम तमाम

**सही**

प्रेस करते वक्त यदि अन्य काम आ जाये
प्रेस को करें बन्द और सुरक्षित हो जायें

# आग लगने पर

# 101

## नम्बर डायल करें या नज़दीकी अग्निशमन केन्द्र से सम्पर्क करें।

सत्यमेव जयते

**महानिदेशालय, अग्नि सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं होम गार्ड्स**
भारत सरकार गृह मंत्रालय
पूर्वी खंड–VII, लेवल–7, आर. के. पुरम्, नई दिल्ली–110066
टेलीफैक्स : 011 26196370
ईमेल : dgcdfire@gmail.com
Website : www.ndrfandcd.gov.in

मुद्रक : कृति, नई दिल्ली

जनहित मे जारी